छत्तीसगढ़ विधान सभा

पत्रक भाग - एक

संक्षिप्त कार्य विवरण

चतुर्थ विधान सभा सप्तम सत्र अंक-13

रायपुर, शनिवार, दिनांक 19 मार्च, 2016

(फाल्गुन 29, शक संवत् 1937)

विधान सभा पूर्वाह्न 11.00 बजे समवेत हुई।

(अध्यक्ष महोदय (श्री गौरीशंकर अग्रवाल) पीठासीन हुए।)

1.निधन का उल्लेख

माननीय अध्यक्ष ने श्री झुमुकलाल भेंडिया, अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री एवं राज्यसभा के पूर्व सदस्य के निधन पर शोकोद्गार व्यक्त किए ।

श्री अजय चंद्राकर-संसदीय कार्य मंत्री, सर्वश्री भूपेश बघेल, अरूण वोरा, राजेन्द्र कुमार राय, मोतीलाल देवांगन, केशव चंद्रा, सदस्य ने भी शोकोद्गार व्यक्त किए।

सदन द्वारा दो मिनट मौन खड़े रहकर दिवंगत को श्रद्धांजलि दी गई एवं शोक संतप्त परिवार के लिए संवेदना प्रकट की गई।

(दिवंगत के सम्मान में सदन की कार्यवाही 11.12 बजे स्थगित होकर 11.20 बजे पुन: प्रारंभ हुई।)

(अध्यक्ष महोदय (श्री गौरीशंकर अग्रवाल) पीठासीन हुए।)

श्री भूपेश बघेल, सदस्य ने बिना सदन की अनुमति के कार्यवाही को सोशल मीडिया में वायरल किये जाने संबंधी सूचना पर कार्यवाही की मांग की।

माननीय अध्यक्ष ने कथन किया कि आपकी सूचना मेरे समक्ष विचाराधीन है।

2. वर्ष 2016-2017 की अनुदान मांगों पर चर्चा (क्रमशः)

(1) श्री पुन्नूलाल मोहले, खाद्य मंत्री ने खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण विभाग से संबंधित व्यय से संबंधित मांग संख्या 39, ग्रामोद्योग से संबंधित मांग संख्या 56, योजना, आर्थिक तथा सांख्यिकी विभाग से संबंधित व्यय संबंधित मांग संख्या 31 एवं बीस सूत्रीय कार्यान्वयन विभाग से संबंधित व्यय से संबंधित मांग संख्या 50 प्रस्तुत की।

मांग संख्या-39 पर सर्वश्री भूपेश बघेल, अमरजीत भगत, भोलाराम साहू, मोहन मरकाम, बघेल लखेश्वर, दीपक बैज, श्रीमती देवती कर्मा, सर्वश्री जनकराम वर्मा, अरूण वोरा, बृहस्पत सिंह, राजेन्द्र कुमार राय, केशव चंद्रा, सियाराम कौशिक मांग संख्या-56 पर श्रीमती देवती कर्मा, सदस्य के कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत हुए।

मांगों और कटौती प्रस्तावों पर एक साथ चर्चा प्रारंभ हुई।

श्री रामदयाल उइके, सदस्य ने चर्चा प्रारंभ की।

निम्नलिखित सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया :-

सर्वश्री राजमहंत सांवलाराम डाहरे,

(सभापति महोदय (श्री सत्यनारायण शर्मा) पीठासीन हुए।)

बृहस्पत सिंह, केशव चंद्रा, (डॉ.) सनम जांगड़े,

(अध्यक्ष महोदय (श्री गौरीशंकर अग्रवाल) पीठासीन हुए।)

श्री मोहन मरकाम, डॉ.खिलावन साहू, श्री मोतीलाल देवांगन, डॉ. विमल चोपड़ा, सर्वश्री अमरजीत भगत, उमेश पटेल।

श्री पुन्नूलाल मोहले, खाद्य मंत्री ने चर्चा का उत्तर दिया।

कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुए।
मांगों का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

(2) श्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय, राजस्व मंत्री ने राजस्व विभाग से संबंधित व्यय से संबंधित मांग संख्या 9, भू-राजस्व तथा जिला प्रशासन से संबंधित मांग संख्या 8, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा और रोजगार विभाग से संबंधित मांग संख्या 47, पुनर्वास से संबंधित मांग संख्या 35, प्राकृतिक आपदाओं एवं सूखाग्रस्त क्षेत्रों में राहत पर व्यय से संबंधित मांग संख्या 58, उच्च शिक्षा से संबंधित मांग संख्या 44 एवं विज्ञान और टेक्नालॉजी से संबधित मांग संख्या 46 प्रस्तुत की।

मांग संख्या 9 पर सर्वश्री सत्यनारायण शर्मा, अमरजीत भगत, केशव चंद्रा, रामदयाल उइके, बघेल लखेश्वर, दीपक बैज मांग संख्या 8 पर सर्वश्री सत्यनारायण शर्मा, अरूण वोरा, केशव चंद्रा, मोहन मरकाम, बघेल लखेश्वर मांग संख्या 47 पर सर्वश्री सत्यनारायण शर्मा, अमरजीत भगत, अरूण वोरा, रामदयाल उइके, मोहन मरकाम, बघेल लखेश्वर, दीपक बैज, दलेशवर साहू, मांग संख्या 44 पर पर सर्वश्री सत्यनारायण शर्मा, अरूण वोरा, केशव चंद्रा, दीपक बैज, संतराम नेताम, दलेशवर साहू, सदस्य के कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत हुए।

मांगों और कटौती प्रस्तावों पर एक साथ चर्चा प्रारंभ हुई।
श्री सत्यनारायण शर्मा, सदस्य ने चर्चा प्रारंभ की।

(सभापति महोदय (श्री शिवरतन शर्मा) पीठासीन हुए।)

निम्नलिखित सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया :-

श्री देवजी भाई पटेल, डॉ.(श्रीमती) रेणु जोगी, सर्वश्री नवीन मारकण्डेय, दीपक बैज, रोशनलाल अग्रवाल, संतराम नेताम,

(सभापति महोदय (श्री संतोष बाफना) पीठासीन हुए।)

श्री अवधेश सिंह चंदेल,

(अध्यक्ष महोदय (श्री गौरीशंकर अग्रवाल) पीठासीन हुए।)

सर्वश्री दलेश्वर साहू, संतोष बाफना, केशव चंद्रा, पारसनाथ राजवाड़े, (डॉ.) खिलावन साहू, मोहन मरकाम, अमरजीत भगत, रामलाल चौहान, (डॉ.) सनम जांगड़े, (डॉ.) विमल चोपड़ा, श्याम बिहारी जायसवाल, रामदयाल उइके, श्रीमती सरोजनी बंजारे, सर्वश्री रोहित कुमार साय, राजमहंत सांवलाराम डाहरे, अरूण वोरा, श्रवण मरकाम, श्रीमती केराबाई मनहर, सर्वश्री चुन्नीलाल साहू (खल्लारी), बृहस्पत सिंह, शिवरतन शर्मा, टी.एस.सिंहदेव-नेता प्रतिपक्ष।

श्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय, राजस्व मंत्री ने चर्चा का उत्तर दिया।

(माननीय अध्यक्ष ने सदन की सहमति से कार्य सूची में दर्ज 2(2) के कार्य पर माननीय मंत्री का भाषण पूर्ण होने तथा मांगों का प्रस्ताव स्वीकृत होने तक सदन के समय में वृद्धि की घोषणा की)

कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुए।
मांगों का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

सायं 7.35 बजे विधान सभा की कार्यवाही रविवार, दिनांक 20 मार्च, 2016 (फाल्गुन-30, शक संवत् 1937) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई ।

देवेन्द्र वर्मा
प्रमुख सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा